प्रेषक,

**मिशन निदेशक,**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
19–ए, विधान सभा मार्ग, लखनऊ।

**सेवा मे,**

**मुख्य चिकित्सा अधिकारी,**
जनपद–बलरामपुर।

**मुख्य चिकित्सा अधीक्षक,**
जिला महिला चिकित्सालय, बलरामपुर।

पत्र संख्या : 01 / एस.पी.एम.यू. / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / देवीपाटन मण्डल / 19–20/1567 दिनांक 13-09-19

**विषय : सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा चिन्हित गैप्स / समस्याओं के निराकरण किये जाने के सम्बंध में।**

महादया / महोदय,

अवगत कराना हैं कि मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के पत्रांक एस.पी. एम.यू. / एन.एच.एम. / एम.एण्ड.ई. / 19–20 / 18 / 2867–2 दिनांक 01.07.2019 के अनुपालन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य स्तरीय सहयोगात्मक पर्यवेक्षण दल द्वारा दिनांक 28–30 अगस्त, 2019 के मध्य जनपद–बलरामपुर में जिला महिला चिकित्सालय एवं अन्य चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किये जाने के उद्देश्य से भ्रमण किया गया था।

भ्रमण दल द्वारा आपके जनपद की चिकित्सा इकाईयों / जिला महिला चिकित्सालय पर प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किये जाने के उद्देश्य से दिए गये सुझावों को इस पत्र के साथ संलग्न कर इस निर्देश के साथ प्रेषित किया जा रहा है कि उन पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी एवं महाप्रबन्धक, आर0बी0एस0के0 / नोडल अधिकारी, देवीपाटन मण्डल को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

भवदीया

**(थमीम अंसरिया ए)**
अपर मिशन निदेशक

पत्र संख्या : 01 / एस.पी.एम.यू. / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / देवीपाटन मण्डल / 19–20 तददिनांक
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी / अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, बलरामपुर ।
3. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, देवीपाटन मण्डल।
4. समस्त विभागाध्यक्ष राज्य कार्यक्रम प्रबन्धन इकाई, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।
5. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, देवीपाटन मण्डल।
6. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला लेखा प्रबनधक, जिला अरबन कोर्डीनेटर, बलरामपुर।

**(थमीम अंसरिया ए)**
अपर मिशन निदेशक

# पर्यवेक्षण आख्या जनपद–बलरामपुर
## भ्रमण दिनांक 28–30 अगस्त 2019

मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश के पत्रांक एस.पी.एम.यू./एन.एच.एम./एम.एण्ड.ई./19–20/18/2867–2 दिनांक 01.07.2019 द्वारा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण हेतु दिये गये निर्देश के कम में अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 28–30 अगस्त, 2019 के मध्य जनपद–बलरामपुर का भ्रमण किया गया।

**भ्रमण टीम के सदस्य :–**

1. डा0. एस.एम. अहमद, उपमहाप्रबन्धक, मातृ स्वास्थ्य, एन.एच.एम, लखनऊ।
2. श्री जमाल अहमद, कार्यक्रम समनवयक, एस.पी.एम.यू., एन.एच.एम, लखनऊ।

## वी0एच0एन0डी0 (सामुदायिक गतिविधियां)
## भ्रमण क्षेत्रः– सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, श्रीदत्तगंज

दिनांक 28.08.2019 को वी0एच0एन0डी0 (सामुदायिक गतिविधियां) के अर्न्तगत पर्यावेक्षण हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, श्रीदत्तगंज से प्लान प्राप्त कर गांव–चिकुडीह में ग्राम प्रधान के घर पर चल रहे सत्र का टीम द्वारा भ्रमण किया गया।

**पर्यवेक्षण के दौरान पाये गये अवलोकन बिन्दु निम्नलिखित है –**

- सत्र माईक्रोप्लान के अनुरूप किया जा रहा था एवं ए.एन.एम./आशा के पास आवश्यक लाजिस्टिक उपलब्ध थी। एवं गर्भवति महिलाओं की जांच हेतु अलग से व्यवस्था (टेबल व पर्दा की) थी।
- सत्र पर समस्त वैक्सिन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध था।
- एक गृह प्रसव का भ्रमण किया गया, प्रसव घर के बुजुर्ग महिला द्वारा कराया गया था।
- टीम द्वारा एक गर्भवती महिला के घर का भ्रमण किया गया, 6 माह व्यतीत होने के उपरान्त भी महिला का ए0एन0सी0 नहीं हुआ था, उसे टी0टी0 का टीका नहीं दिया गया था।
- उपरोक्त का कारण जानने पर पता चला की उनके क्षेत्र (निवास स्थान) में कोई भी स्वास्थ्य कर्मी (आशा/ए0एन0एम0) द्वारा भ्रमण नहीं किया जाता है। उनहें स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान नहीं की गई है। वे स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाये जा रहे कार्यकमों से अनिभिज्ञ हैं। वे सभी बंजारे समुदाय से सम्बन्ध रखते हैं, परन्तु स्थायी रूप से भवन निर्माण कर वर्षो सें उस गांव में रह रहे हैं।
- ***टीम द्वारा आई0पी0सी0 करने के उपरान्त वे बड़ी आसानी से स्वास्थ्य से सम्बन्धित लाभ को समझ गये। टीम द्वारा उक्त गर्भवती महिला का सत्र पर ए0एन0सी0 करा दिया गया एवं नवजात शिशु का टीकाकरण भी करा दिया गया।***
- वी0एच0एन0डी0 टीम द्वारा आई0पी0सी0 नहीं की जा रही थी। कार्यरत आशा की ट्रेनिंग नहीं हुई है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र– श्रीदत्तगंज, बलरामपुर

| भ्रमण बिन्दु | सुझाव/सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| • सामान्य प्रसव वाले सभी लाभार्थी औसतन 12 घन्टे ही चिकित्सालय में रूक रहे हैं।<br>• प्रसव से सम्बन्धित रजिस्टर में 09.08.2019 से Discharge की तिथि अंकित नहीं की गई थी।<br>• Digital Weing Machine खराब पाया गया।<br>• प्रसव कक्ष में कार्यरत स्टाफ नर्स को लेबर रूम प्रोटोकॉल/सेफ्टी प्रोटोकॉल एवं इंफेक्सन कन्ट्रॉल की जानकारी हेतु Re-orientation की आवश्यक्ता है।<br>• पी0एन0सी0 वार्ड में पंखा नहीं लगा था। | लेबर रूम में को व्यवस्थित कराने के लिए प्रभारी चिकित्साधिकारी को सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी, श्रीदत्तगंज, बलरामपुर |

| | | |
|---|---|---|
| अग्निशामक यंत्र है परन्तु उस पर Expiry/ Refilling की तिथि अंकित नहीं है। अग्निशामक यंत्र के संचालन हेतु कोई भी कर्मी प्रशिक्षित नहीं है। | अग्निशामक को Refill कराकर Expiry/Refilling की तिथि अंकित कराने तथा प्रशिक्षण कराने का सुझाव टीम द्वारा दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी, श्रीदत्तगंज, बलरामपुर (ब्लॉक स्तर) |
| • Bio Management Waste Storage हेतु कमरों का निर्माण कराया गया है। Bio Waste के निस्तारण हेतु अनुबन्धित सेवा प्रदाता द्वारा नियमित रूप से बायोवेस्ट को उठाने हेतु वाहन नहीं भेजे जा रहे हैं। | चिकित्सालय प्रशासन को इस सम्बन्ध में मुख्य चिकित्साधिकारी, बलरामपुर से पत्र व्यवहार करने का सुझाव टीम द्वारा दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी, श्रीदत्तगंज, / मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बलरामपुर । |

## विश्व कृमी दिवस–29 अगस्त 2019

विश्व कृमी दिवस के अवसर पर टीम द्वारा तुलसीपुर ब्लॉक के पूर्व माध्यमिक विध्यालय, देवीपाटन एवं स्टारर्वड पब्लिक स्कूल पर चल रहे सत्र का भ्रमण किया गया। स्टारर्वड पब्लिक स्कूल पर चल रहे सत्र में पाया गया कि सत्र विधिवत रूप से, नियमानुसार एवं दिशानिर्देशानुसार संचालित किया जा रहा है। परन्तु पूर्व माध्यमिक विध्यालय, देवीपाटन पर चल रहे सत्र में पाया गया कि–

- पूर्व माध्यमिक विध्यालय, देवीपाटन में विश्व कृमी दिवस के अवसर पर Albendazole की गोली शिक्षक द्वारा बच्चों को सामने नहीं खिलाई जा रही थी, बल्कि बच्चों को बांट दिया गया था। बच्चों से पता करने पर ज्ञात हुआ के बच्चे हैण्ड पम्प पर जाकर चबाकर खाने के बजाय गोली पानी से निगल कर खाये हैं।
- Albendazole की गोली बांटने वाले विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्री राकेश कुमार दूबे, ने प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया था। उनके विद्यालय के दूसरे सहायक शिक्षक ने प्रशक्षण प्राप्त किया था परन्तु उनके द्वारा अन्य किसी शिक्षक को प्रशिक्षण नहीं दिया गया था।
- बीमार बच्चों को स्वस्थ्य बच्चों से अलग नहीं किया गया था, न ही चिन्हित किया गया था।
- दवाई देने के बाद उपस्थिति रजिस्टर में बच्चों के नाम के आगे सही(टिक) का निशान नहीं लगा रहे थे।
- छुट्टी के समय घर जाते बच्चों से पूछने पर पता चला कि आदर्श बापु शिशु मन्दिर, लघु माध्यमि विद्यालय, मॉर्डन पब्लिक स्कूल, तुलसीपुर, बलरामपुर में विश्व कृमी दिवस के अवसर पर Albendazole की गोली नहीं खिलाई गई थी।
- **Albendazole की गोली खिलाये जाने का लक्ष्य–58161**
- **बूथ पर खिलाये गये बच्चों की संख्या–25993**
- **टीम द्वारा दिये गये सुझाव पर मॉप–अप में खिलाये गये बच्चों की संख्या–23606**

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, (एफ0आर0यू0) तुलसीपुर, बलरामपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, (एफ0आर0यू0) तुलसीपुर, का भ्रमण अस्पताल के प्रभारी चिकित्साधिकारी डा0 सुमन्त सिंह चौहान, जिला कार्यक्रम प्रबनधक, बलरामपुर के साथ किया गया।

| भ्रमण बिन्दु | सुझाव / सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| चिकित्सा केन्द्र पर स्त्री रोग विशेषज्ञ की तैनाती नहीं की गई है। ब्लड स्टोरेज यूनिट कियाशील नहीं है। | टीम द्वारा सुझाव दिया गया है कि चिकित्सा अधीक्षक, सी0एच0सी0, तुलसीपुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बलरामपुर से इस सम्बन्ध में पत्र व्यवहार करें। | प्रभारी चिकित्साधिकारी, सी0एच0सी0, तुलसीपुर, /मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बलरामपुर । |
| • चिकित्सा केन्द्र पर Triage Area नहीं है।<br>• | टीम द्वारा सुझाव दिया गया कि Injection room को Triage Area के के लिए प्रयोग में लाया जा सकता है। | चिकित्सा अधीक्षक, सी0एच0सी0, तुलसीपुर ब्लॉक स्तर |

| | | |
|---|---|---|
| • सामान्य प्रसव वाले सभी लाभार्थी औसतन 12 घन्टे ही चिकित्सालय में रूक रहे हैं।<br>• Mini Skill lab क्रियाशील नहीं है। Mini Skill lab में SBA का प्रशिक्षण चल रहा था।<br>• प्रसव कक्ष में कार्यरत स्टाफ नर्स को लेबर रूम प्रोटोकॉल/सेफ्टी प्रोटोकॉल एवं इंफेक्सन कन्ट्रॉल की जानकारी हेतु Re-orientation की आवश्यक्ता है। | लेबर रूम में को व्यवस्थित कराने के लिए प्रभारी चिकित्साधिकारी को टीम द्वारा सुझाव दिया गया तथा SBA का प्रशिक्षण चिकित्सालय के प्रथम तल पर बने कमरे में करने का सुझाव दिया गया। | |
| • वार्ड में भर्ती प्रसूता को जे०एस०एस०के० के अंतर्गत निशुल्कः भोजन एवं औषधि उपलब्ध करायी जा रही थी, सफाई व्यवस्था संतोष जनक थी। परन्तु लाभार्थियों को दिये जा रहे भोजन एव नाश्ते का विवरण निर्धारित प्रारुप/अभिलेख के रुप में कहीं भी दर्शाए नहीं गए थे। डाईट रजिस्टर भी नहीं पाया गया। | लाभार्थियों को दिये जा रहे भोजन एव नाश्ते का विवरण निर्धारित प्रारुप/अभिलेख के रुप में दिवार लेखन एवं डाईट रजिस्टर बनाने का सुझाव टीम द्वारा दिया गया। | |
| जैव संकट से सुरक्षा के लिए चिकित्सालय प्रांगण में Bio Management Waste Storage हेतु कमरों का निर्माण कराया गया है। Bio Waste के निस्तारण हेतु अनुबन्धित सेवा प्रदाता द्वारा नियमित रूप से बायोवेस्ट को उठाने हेतु वाहन नहीं भेजे जा रहे हैं। | चिकित्सालय प्रशासन को इस सम्बन्ध में मुख्य चिकित्साधिकारी, बलरामपुर से पत्र व्यवहार करने का सुझाव टीम द्वारा दिया गया। | प्रभारी चिकित्साधिकारी, सी0एच0सी0, तुलसीपुर / मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बलरामपुर । |

## जिला महिला चिकित्सालय–बलरामपुर

**जिला महिला चिकित्सालय एक पुरानी भवन में स्थित है, जहां स्थान की काफी कमी है। जिससे चिकित्सालय के संचालन में बहुत सारी बाधायें उत्पन्न होती हैं।**

| भ्रमण बिन्दु | सुधारात्मक कार्यवाही | कार्यवाही का स्तर |
|---|---|---|
| चिकित्सा केन्द्र पर एनेस्थिसिया के चिकित्सक की पद रिक्त है, आवश्यक्तानुसार ऑन कॉल एनेस्थिसिया के चिकित्सक की सेवा ली जा रही है।<br>• चिकित्सा केन्द्र पर Triage Area पर्याप्त स्थान नहीं है।<br>• वार्ड में भर्ती प्रसूता को जे०एस० एस०के० के अंतर्गत निशुल्कः भोजन एवं औषधि उपलब्ध करायी जा रही थी, सफाई व्यवस्था संतोष जनक थी। परन्तु लाभार्थियों को दिये जा रहे भोजन एव नाश्ते का विवरण निर्धारित प्रारुप/अभिलेख के रुप में कहीं भी दर्शाए नहीं गए थे। डाईट रजिस्टर भी पूर्ण नहीं पाया गया।<br>• सामान्य प्रसव वाले सभी लाभार्थी औसतन 12 घन्टे ही चिकित्सालय में रूक रहे हैं। | टीम द्वारा दिया गया की Triage Area के लिए ऑफिस को पीछे के भवन में Shift कर जगह बनाई जा सकती है।<br><br>लेबर रूम को व्यवस्थित कराने के लिए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला महिला चिकित्सालय–बलरामपुर | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जिला महिला चिकित्सालय–बलरामपुर |

## Blood Bank/Blood Storage Unit

जनपद बलरामपुर में संयुक्त जिला चिकित्सालय में ब्लड बैंक एवं जिला महिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुलसीपुर तथा उतरौला में Blood Storage Unit स्थापित है। भ्रमण के दौरान पाया गया कि–

- संयुक्त जिला चिकित्सालय में स्थापित ब्लड बैंक पूर्ण रूप से Functional है। परन्तु License 2017 में Expire हो चुका है। Renewal की प्रकिया प्रकियाधीन है। ब्लड बैंक 24X7 के रूप में कियाशील है। ब्लड बैंक में जुलाई 2019 में 280 यूनिट ब्लड Colletion किया गया था।
- संयुक्त जिला चिकित्सालय में स्थापित ब्लड बैंक के दो BBR में से एक सही Temprature नहीं दे रहा है तथा Blood Clletion Monitor खराब है। श्री सी0पी0 श्रीवास्तव, लैब टेक्निशियन द्वारा टीम को अवगत कराया गया कि मशीनों को ठीक करने हेतु अनुबन्धित एजेंसी S.K. Engineering PVT. Ltd. Luckonw को इसकी सूचना दे दी गई है।
- जिला महिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तुलसीपुर तथा उतरौला में Blood Storage Unit पर BBR खराब होने के कारण ब्लड स्टोरेज यूनिट कियाशील नहीं है। नई ILR Based BBR आ चुका है परन्तु सम्बन्धित कम्पनी द्वारा अभी इसे स्टॉल नहीं किया गया है।
- जिला महिला चिकित्सालय, बलरामपुर के Blood Storage Unit पर कार्यरत लैब टेक्निशियन श्री शिवम श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि उनके कार्य हेतु अलग से कोई कमरा नहीं है।

## समीक्षा बैठक

दिनांक 30.08.2019 को अपराह्न 02 बजे से राज्य स्तरीय पर्यवेक्षण टीम द्वारा मुख्य चिकित्साधिकारी, की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जिला कम्यूनिटी प्रोसेस प्रबन्धक, अरबन कोअर्डीनेटर, आर0के0एस0के0 कोअर्डीनेटर, डी0आई0ई0सी0 प्रबन्धक, जनपद के समस्त ब्लॉक के ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक, ब्लॉक लेखा प्रबन्धक, के साथ विभिन्न कार्यकर्मों के नोडल अधिकारी सम्मिलित हुए। बैठक में निम्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई–

➢ ब्लॉक स्तर पर ब्लॉक एक्सन प्लान बनाने पर चर्चा की गई। एवं नियमित रूप से ब्लॉक लेखा प्रबन्धक एवं जिला लेखा प्रबन्धक द्वारा हर माह मदवार व्यय बुक करने पर बल दिया गया।

➢ टीम द्वारा बैठक में RCH Portal के संचालन के बारे में विस्तार से ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक एवं एम0सी0टी0एस0 ऑपरेटर को जानकारी दी गई। साथ ही UPHMIS Portal पर डाटा अपलोड करने को कहा गया।

➢ अनुश्रवण एवं मूल्यांकण तथा आर0बी0एस0के0 टीम को सुचारू बनाने एवं प्रत्येक विद्यालय/आंगनबाड़ी केन्द्र के भ्रमण हेतु वाहनों का अनुबन्ध हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। इस पर चर्चा की गई।

➢ अनुश्रवण एवं मूल्यांकण की रिपोर्टिंग/चेकलिस्ट के भरे जाने का अनुपालन, राज्य स्तर से उपलब्ध कराई गई गईडलाईन के अनुसार ससमय किया जाए।

➢ संस्थागत प्रसव की संख्या में बढ़ोतरी कराये जाने के उपायों पर चर्चा की गई। साथ ही जे0एस0वाई0 के अन्तर्गत लाभार्थी के भुगतान को सुचारू बनाने पर भी बल दिया गया।

➢ Bio Waste के निस्तारण हेतु अनुबन्धित सेवा प्रदाता द्वारा नियमित रूप से बायोवेस्ट को उठवाया जाना सुनिश्चित किया जाए। जिसके लिए सम्बन्धित प्रभारी चिकित्साधिकारी/नोडल अधिकारी/ब्लॉक कार्यक्रम प्रबन्धक द्वारा इसकी निगरानी की जाए।

**पर्यवेक्षण के उपरान्त टीम द्वारा चिन्हित गैप्स के हर बिन्दुओं पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बलरामपुर से उनके कार्यालय में वार्ता की गई। चिन्हित किये गये समस्त गैप्स शीघ्र कार्यवाही कर पूर्ण करा लिया जाएगा।**

**से अवगत कराया गया। उनके द्वारा टीम को आश्वास्त किया गया कि समस्त गैप्स को जल्द ही ठीक करा दिया जाएगा।**

जमाल अहमद
कार्यक्रम समन्वयक,

डा0. एस.एम. अहमद,
उपमहाप्रबन्धक, मातृ स्वास्थ्य,